प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
<u>मुजफ्फरपुर</u>

श्री राकेश कुमार झा,
प्रयोगशाला प्रावैधिक,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर ।

विदित हो कि इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक – 962/18 दिनांक – 28.03.18 द्वारा आपको केन्द्रीय भंडार से संबंधित सम्पूर्ण कार्य प्रभार श्री रंजीत कुमार, लिपिक से ग्रहण कर प्रभार प्रतिवेदन की प्रति के साथ अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का निर्देश दिया गया था, परन्तु वर्तमान तक आपके द्वारा संबंधित कार्यका प्रभार न ही ग्रहण किया गया है और न ही आपके द्वारा संबंधित कार्य का लॉग बुक अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित किया जाता है । समीक्षा के दौरान यह भी ज्ञात हुआ है कि आप केन्द्रीय भंडार से संबंधित कार्य में अरूचि दिखा रहें हैं, जो घोर अनुशासनहीनता/कर्तव्यहीनता एवं आदेशोल्लंघन का द्योतक है ।

अतएव आपको अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि आप केन्द्रीय भंडार से संबंधित कार्य का सम्पूर्ण प्रभार श्री रंजीत कुमार, लिपिक से यथाशीघ्र ग्रहण कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें । आदेश अवमानना की स्थिति में आपका वेतन/मानदेय एवं संविदा अवधि विस्तार अवरूद्ध करते हुए अग्रतर कार्रवाई हेतु स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया जाएगा ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1055/18 दिनांकः– 13-04-18

प्रतिलिपिः–

1) निदेशक प्रमुख, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/बरसर/ओ0एस0डी0, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

3) श्री रंजीत कुमार, लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

13/4/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर